>

Title: Need to take remedial measures for eradication of malaria in various districts of Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): महोदय, झारखण्ड में खासकर बोकारो, धनबाद और गिरिडीह जिलों के कसमार, टुण्डी, गोनिया, तोपचाची एवं पेटरवार आदि स्थानों में मलेरिया से हजारों लोग ग्रसित हैं। इलाज के लिए चिकित्सक, अस्पताल एवं दवा का अभाव है। डी.डी.टी. एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव एवं मलेरिया कर्मियों की तैनाती नगण्य हे। रोग महामारी का रूप ले रहा है। झारखण्ड में मलेरिया निदेशालय की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा कई प्रयास किये गये है, परन्तु इस संबंध में केन्द्र द्वारा आवश्यक कदम नहीं उठाये गये है।

अतः केन्द्र सरकार से आग्रह है कि झारखण्ड में मलेरिया से प्रभावित प्रत्येक शहर/गांव में मलेरिया उन्मूलन के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाया जाये और प्रत्येक पंचायत में मलेरिया से पीड़ित रोगियों के इलाज के लिए चिकित्सक, दवा और अस्पताल की व्यवस्था की जाये और इस संबंध में दोषी चिकित्सकों व कार्मिकों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।